कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 02/2025 **दिनांक 05/02/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 04.02.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना गहमर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 84/2024 धारा 363/366/376 भादवि व 5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04.02.2025 को उ0नि0 विवेक कुमार पाठक चौकी प्रभारी बारा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 84/2024 धारा 363/366/376 भादवि व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना गहमर गाजीपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सहेन्द्र सिह पुत्र अमीन सिंह निवासी ग्राम भटौली थाना जगदीशपुर जनपद बक्सर बिहार उम्र करीब 28 वर्ष को बारा चेकपोस्ट बारा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिऱफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः –

1. सहेन्द्र सिह पुत्र अमीन सिंह निवासी ग्राम भटौली थाना जगदीशपुर जनपद बक्सर बिहार उम्र 28 वर्ष।

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 84/2024 धारा 363/366/376 भादवि व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना गहमर गाजीपुर

02. थाना मरदह पुलिस द्वारा एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस के 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 03.02.2025 को उ0नि0 श्री ओमप्रकाश यादव मय हमराह द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अम्बेडकर तिराहा मरदह से 01 नफर अभियुक्त शक्ति विश्वकर्मा पुत्र लल्लन विश्वकर्मा निवासी ग्राम नखतपुर थाना मरदह गाजीपुर उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 26/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तराशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1 .शक्ति विश्वकर्मा पुत्र लल्लन विश्वकर्मा निवासी ग्राम नखतपुर थाना मरदह गाजीपुर उम्र 19 वर्ष

बरामदगी - एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर